आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 22.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा, कि एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य में आर्टिफिशयल इटेलिजेंस की शक्ति का उपयोग करने की दिशा में विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ।

2– हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत–दो सौ बयालीस विद्यार्थियों को प्रदान की उपाधि।

3– माओवादियों के शीर्ष नेता देवजी और मल्ला राजिरेड्डी ने अन्य माओवादियों के साथ तेलंगाना पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण।

**और**

4– कल से शुरू होगा छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र–बीस मार्च तक चलने वाले सत्र में कुल पंद्रह बैठकें होंगी।

...........

**मन की बात–01**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बताया कि समिट के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एकत्र हुए।

**इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्‌भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है।**

श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने इंडिया एआई प्रदर्शनी में विश्व नेताओं को कई वस्तुएं दिखाईं। प्रधानमंत्री ने समिट की सफलता के लिए देशवासियों को बधाई दी।

**मन की बात–02**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में किसान अब न केवल उत्पादन पर बल्कि गुणवत्ता, मूल्यवर्धन और नए बाजारों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

श्री मोदी ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में कल से राजगोपालाचारी उत्सव मनाया जाएगा। एक मार्च तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण में स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण होगा।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी पूरी लगन से अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और तनाव में नहीं हैं।

**मेरे प्यारे बच्चो, आप तो एक्जाम वारियर हैं। मुझे विश्वास है, आप सभी पूरे मन से इम्तिहान की तैयारियों में लगे होंगे। खुद पर भरोसा रखिए। जो पढ़ा है, उसे पूरे मन से लिखिए। और जो नहीं आया, उस एक सवाल को अपने मन पर हावी मत होने दीजिए। और एक बात, अपने मातादृपिता और शिक्षकों से बात करते रहिए। वे आपके नंबरों से नहीं, आपके प्रयास से आपकी पहचान करते हैं।**

श्री मोदी ने रमज़ान और आगामी होली के त्यौहार की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया।

**हमारे होली के त्योहारों में क्या अन्य कोई भी त्यौहार में अनेक ऐसे साधु सामान घुस गए हैं, जो विदेशी हैं इन्हें त्योहार से दूर रखिए स्वदेशी अपनाइए जवाब स्वदेशी खरीदने हैं तो देश को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में भी मदद करते हैं।**

**मन की बात–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित अपने निवास पर जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मन की बात' का प्रत्येक एपिसोड आत्मनिर्भर भारत, तकनीकी सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में देश के बढ़ते कदमों का सशक्त उदाहरण है। यह कार्यक्रम नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है और जन–जन की सकारात्मक पहल को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में छिपी हुई प्रतिभाओं को जानने और पहचानने का अवसर मिलता है।

## हिदायतुल्लाह विधि विश्वविद्यालय–दीक्षांत समारोह

हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का नौवां दीक्षांत समारोह आज रायपुर में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत शामिल हुए। इस दौरान छह विद्यार्थियों को पीएचडी, अठासी विद्यार्थियों को एलएलएम और एक सौ अड़तालीस विद्यार्थियों को बीए एलएलबी ऑनर्स स्नातक की उपाधि प्रदान की गई। समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए दस स्नातक और तीन स्नातकोत्तर छात्रों को छत्तीस स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि कानूनी पेशे में लंबी और सफल पारी खेलने के लिए 'सहयोग' और 'धैर्य' दो सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि कानून का क्षेत्र कोई छोटी दौड़ नहीं, बल्कि एक लंबी दूरी का खेल है, जिसमें अनुभव के साथ व्यक्ति की अहमियत बढ़ती है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे अपने सहपाठियों को प्रतिद्वंद्वी के बजाय जीवन भर का साथी समझें और आपसी सहयोग की भावना विकसित करें।

शुरुआती संघर्षों का जिक्र करते हुए उन्होंने छात्रों से धैर्य बनाए रखने की अपील की और कहा कि इस पेशे में पहचान रातों–रात नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत और ईमानदारी से हासिल होती है।

कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा, प्रशांत कुमार मिश्रा, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा, राज्य के जनजातीय मंत्री रामविचार नेताम और विधि मंत्री गजेंद्र यादव मौजूद थे।

इससे पहले, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के परिसर में पचास करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नये सभागार परिसर की आधारशिला रखी। साथ ही उन्होंने अनुसंधान अवसंरचना को मजबूत करने के लिए तीस अनुसंधान कक्षों और एक बोर्ड रूम से सुसज्जित अनुसंधान केंद्र और स्पोक ब्लॉक का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वीसी विवेकानंदन, रजिस्ट्रार डॉक्टर दीपक के श्रीवास्तव और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश उपस्थित थे।

## मुख्य न्यायाधीश–डिजिटल संग्रहालय

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज नवा रायपुर के आदिम जाति अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान में बने देश के पहले डिजिटल संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने इस संग्रहालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश के हर नागरिक को जनजातीय इतिहास और संस्कृति से वाकिफ होना चाहिए।

चीफ जस्टिस ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अंदोलनों और शौर्य गाथाओं पर संग्रहालय में बने गैलरियों को देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनजातीय आंदोलनों की स्मृतियां लोगों को शोषण और अन्याय के खिलाफ एकजुट होने और उसका प्रतिकार करने के लिए प्रेरित करेंगी।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

माओवादियों के शीर्ष नेता देवजी और मल्ला राजिरेड्डी ने अपने करीब पन्द्रह साथियों के साथ तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। माओवादी देवजी छत्तीसगढ़ सहित तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्य में मोस्टवांटेड था। सरकार ने इन पर करीब डेढ़ करोड़ रूपए का इनाम घोषित किया था। देवजी नक्सल संगठन की सेन्ट्रल कमेटी का सेक्रेटरी था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देवजी सहित अन्य माओवादियों के आत्मसमर्पण को नक्सल–विरोधी अभियान की बड़ी सफलता बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का नक्सलमुक्त भारत का संकल्प अवश्य पूरा होगा।

वहीं, उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इन माओवादियों का समर्पण सशस्त्र माओवाद समाप्त होने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## विस–बजट सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र कल तेईस फरवरी से शुरू होगा। बीस मार्च तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पंद्रह बैठकें होंगी। सत्र की शुरूआत राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण से होगी। वहीं, चौबीस फरवरी को वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए बजट पेश करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि राज्यपाल के अभिभाषण के कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर पच्चीस फरवरी से चर्चा शुरू होगी। राज्यपाल के अभिभाषण और वित्त मंत्री के बजट भाषण का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि नौ से सत्रह मार्च तक सदन में विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। इनमें छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, छत्तीसगढ़ लोक सुरक्षा प्रवर्तन विधेयक और छत्तीसगढ़ अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विधेयक शामिल हैं। डॉक्टर सिंह ने बताया कि आय–व्यय की मांगों से संबंधित विनियोग विधयेक पर अट्ठारह मार्च को चर्चा होगी।

इस बीच, आज रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बजट सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक जारी है। बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं।

## लखेश्वर बघेल–उप नेता प्रतिपक्ष

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बस्तर से कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल को विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। वहीं, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू को मुख्य सचेतक और मस्तूरी विधायक दिलीप

लहरिया को उप सचेतक नियुक्त किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सहमति के बाद ये नियुक्तियां की गई हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>